दिन– शनिवार 	दिनांक– 20 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। 	अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज गयाजी के विष्णुपद मंदिर में पूर्वजों की मोक्ष प्राप्ति के लिए पिंडदान करेंगी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की पहली किस्त की राशि जारी करेंगे। पचास लाख महिलाओं के बैंक खाते में भेजी जायेगी दस–दस हजार रूपये की राशि।

03. केन्द्र सरकार ने मधुबनी जिले के जितवारपुर गांव को बिहार के शिल्पग्राम के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

04. और, मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, खगड़िया, बेगूसराय, लखीसराय और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज गयाजी आ रही हैं। राष्ट्रपति विष्णुपद मंदिर में पूर्वजों की मोक्ष प्राप्ति के लिए पिंडदान करेंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार वे अब से थोड़ी देर बाद विशेष विमान से गया एयरपोर्ट पहुंचेंगी। फिर वहां से वे सड़क मार्ग से विष्णुपद मंदिर जाएंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। गयाजी में इन दोनों विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान देश विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने पूर्वजों की याद में पिंडदान और तर्पण के लिए गया जी पहुंच रहे हैं। इधर, कल प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी ने अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए गयाजी में श्राद्ध तर्पण किया।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की पहली किस्त की राशि जारी करेंगे। श्री कुमार पचास लाख महिलाओं के बैंक खाते में दस–दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस अवसर पर संकुल स्तरीय संघ और ग्राम संगठन स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी कर दिये गये हैं। योजना का लाभ लेने के लिए एक करोड़ छह लाख से अधिक महिलाएं आवेदन कर चुकी हैं।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना तारामंडल में वर्चुअल रियलिटी थियेटर का उद्घाटन करेंगे। साथ ही वे एस्ट्रो पार्क, भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्श बस सेवा, इंटर्नशिप

पोर्टल समेत कई अन्य योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। वहीं, एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिक्षा विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के खातों में दो हजार नौ सौ बीस करोड़ रूपये डीबीटी के माध्यम से अंतरित करेंगे। साथ ही नौ सौ अट्ठावन करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली आधारभूत संरचनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री आज ही बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय पटना के दूसरे दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगे।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने मधुबनी जिले के जितवारपुर गांव को बिहार के शिल्पग्राम के रूप में विकसित करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। वस्त्र मंत्रालय ने इस संबंध में तीन करोड़ साठ लाख रूपये की पहली किस्त जारी कर दी है। ८

———बाईट———

मधुबनी पेंटिंग के लिए विश्वभर में अपनी अलग पहचान बना चुके जितवारपुर गांव को को शिल्पग्राम के रूप में विकसित किया जायेगा। इसकी जिम्मेदारी बिहार संग्रहालय सोसाईटी को दी गयी है। इस परियोजना पर नौ करोड़ रूपये से अधिक की लागत आयेगी। इस राशि का अस्सी प्रतिशत हिस्सा केन्द्र सरकार वहन करेगी। परियोजना को दो चरणों में पूरा करने का लक्ष्य है। इसके तहत सड़क के दोनों ओर पौधे लगाये जायेंगे। साथ ही गांव के हर मकान की दीवारें ठीक कराई जायेंगी और मधुबनी पेंटिंग से चित्रित किया जायेगा। सरकार के इस फैसले से जितवारपुर गांव के लोगों में हर्ष का माहौल है। समाचार कक्ष से सविता पारीक।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनसेवा और सुशासन की भावना से सरकार बदलाव और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। सेवा पर्व की अपनी विशेष श्रृंखला में, आज हम चर्चा कर रहे हैं कि किस तरह मोदी सरकार ने देश के हर परिवार को सुरक्षा देने के लिए बीमा का दायरा बढ़ाया है।

———बाईट———

———————————————————————

सेवा पर्व के दौरान प्रदेशभर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में आज स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत पटना के गुरू गोविंद सिंह जिला अस्पताल में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जायेगी तथा उन्हें दवा और परामर्श भी उपलब्ध कराया जायेगा। इधर, अररिया के पलासी में केन्द्रीय संचार ब्यूरो, आईसीडीएस और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में पोषण मेला सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दूसरी तरफ, बेतिया में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता पदयात्रा आयोजित की गयी। इस दौरान लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

———————————————————————

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म– चलो जीते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आज देश भर के लाखों स्कूलों और लगभग 500 सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। यह फिल्म प्रधानमंत्री मोदी के जीवन की एक बचपन की घटना से प्रेरित है। यह फिल्म एक छोटे लड़के नारू की कहानी है, जो स्वामी विवेकानंद के दर्शन से बहुत प्रभावित है और अपनी छोटी सी दुनिया में बदलाव लाने का प्रयास करता है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस संबोधन में, देश में कर–व्यवस्था में सुधार की घोषणा की थी ताकि आम जनता पर से आर्थिक बोझ कम हो। नई दरें सोमवार से लागू हो रही हैं। आज इस क्रम में, हम इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षेत्र पर जी.एस.टी. सुधार के संभावित प्रभावों की चर्चा कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज सुपौल, अररिया, खगड़िया, बेगूसराय, लखीसराय और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है।

———बाईट———

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में कहा है कि कक्षा में पचहत्तर प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हो सकते हैं। बेगूसराय के राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर इंजीनियरिंग कॉलेज के एक छात्र की याचिका पर सुनवाई करते हुये मुख्य न्यायाधीश पी.बी. बजंथरी की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह आदेश सुनाया।

———————————————————————

केन्द्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भागलपुर में उन्हें बुखार और पेट से संबंधित शिकायत हुई थी। उनके भतीजे डॉक्टर अभिनव विकास ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री की तबीयत अभी स्थिर बनी हुई है।

———————————————————————

ग्रामीण कार्य विभाग के नवगछिया कार्य प्रमंडल में पदस्थापित तीन अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। इन सभी पर मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना की निविदा में अनियमितता बरतने का आरोप है।

———————————————————————

पटना जिले के मोकामा रेल थाना क्षेत्र के मेकरा ममरखाबाद हॉल्ट के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी।

———————————————————————

दरभंगा जिले के जाले थाना क्षेत्र के मुरेठा गांव में तालाब में डूबने से एक ही परिवार की तीन बच्चियों की मौत हो गयी।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर के भैरव स्थान चौक के पास एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने तीन लोगों को कुचल डाला। हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————

गोपालगंज जिले के उचका गांव थाना क्षेत्र के लुहसी गांव में एक घर की छत की ढलाई के दौरान मिक्सचर मशीन में करंट आ जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पचास लाख महिलाओं को मिलेंगे दस–दस हजार रूपये, नवरात्र के पहले दिन मुख्यमंत्री चयनित लाभार्थियों के खाते में भेजेंगे राशि।

दैनिक जागरण ने लिखा है– नेपाल और पूर्वोत्तर राज्यों से आ रही ड्रग्स, ऑपरेशन चलाकर नेटवर्क होगा ध्वस्त।

प्रभात खबर लिखता है– सीएम ने विजेता हॉकी टीम को दिये ढाई करोड़।

दैनिक भास्कर ने बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़ी खबरों को तरजीह देते हुये लिखा है– कांग्रेस ने छत्तीस सीटों पर तीन–तीन उम्मीदवारों को पैनल बनाया। भाजपा की रणनीति, कम संख्या वाले समुदायों से चुनावी गणित साधने की कवायद।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– इस बार दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी का वर्चस्व।

आज अखबार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– महिलाओं के आत्मसम्मान में अप्रत्याशित वृद्धि।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज गयाजी के विष्णुपद मंदिर में पूर्वजों की मोक्ष प्राप्ति के लिए पिंडदान करेंगी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की पहली किस्त की राशि जारी करेंगे। पचास लाख महिलाओं के बैंक खाते में भेजी जायेगी दस–दस हजार रूपये की राशि।

03. केन्द्र सरकार ने मधुबनी जिले के जितवारपुर गांव को बिहार के शिल्पग्राम के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

04. और, मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, खगड़िया, बेगूसराय, लखीसराय और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।